हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026



04 श्री हनुमान जन्मोत्सव पर चाचौड़ा में भव्य धार्मिक ...



07 जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर...!






## समाचार संक्षेप

### श्रमिक को उपादान राशि का कराया गया भुगतान



**गुना।** उपादान भुगतान अधिनियम 1972 के अंतर्गत सुनवाई पश्चात नियंत्रण प्राधिकारी आशीष कुमार तिवारी द्वारा जारी आदेश के परिपालन में योगेन्द्र यादव, प्रबंधक एच. आर. प्रेम मोटर्स ग्वालियर द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर स्टेफन अन्द्रे को राशि रूपये 2,49,375/- का चैक प्रदान किया गया। राशि प्राप्त होने पर श्री स्टेफन के द्वारा संस्थान एवं श्रम विभाग का आभार व्यक्त किया गया।

### टेरा-कोटा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**गुना ।** कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को 25 प्रशिक्षणार्थियों का टेरा-कोटा ट्रेड में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह 45 दिवसीय प्रशिक्षण 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक बट्टूलाल प्रजापति के बाड़ा, पुरानी मंडी, आरोन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का प्रायोजन म.प्र. माटीकला बोर्ड, भोपाल द्वारा किया गया, जबकि आयोजन जिला पंचायत गुना (माटीकला बोर्ड) एवं क्रियान्वयन संस्था एमपीकॉन लिमिटेड, भोपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिनेश सोनी (सीएमओ, नगर परिषद आरोन), सतेन्द्र भार्गव (विकासखण्ड पंचायत अधिकारी, जनपद पंचायत आरोन), एम.एम. देशपाण्डे (जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, गुना), अनिल परिहार (कनिष्ठ सहायक, ग्रामोद्योग) सहित प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रजापति समाज के वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।मास्टर ट्रेनर राहुल प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा टेरा-कोटा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसकी उपस्थितजनों द्वारा सराहना की गई। साथ ही, बाजार की मांग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार कर उनके विपणन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे प्रशिक्षणार्थियों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार हो सके। कार्यक्रम के अंत में कमलसिंह प्रजापति एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाप-तौल विभाग की प्रभावी कार्यवाही

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल 2025 से माह मार्च 2026 तक नाप– तौल विभाग गुना के द्वारा जिले में 3283 विभिन्न संस्थानों (किराना, दूध डेयरी, मिठाई संस्थानों, कबाडा, लोहा व्यापारी हार्डवेयर, मसाला आटा चक्की, कृषि सेवा केंद्र, गल्ला एवं अन्य संस्थान) की जांच कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की विभिन्न धाराओं के तहत 150 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जबकि वित्तीय वर्ष 2024 -25 में विभाग के द्वारा 121 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये थे, तुलनात्मक रूप से विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में +29 प्रकरण अधिक दर्ज किये गये एवं वित्तीय वर्ष 2025 -26 में अप्रैल 2025 से माह मार्च 2026 तक नाप-तौल विभाग गुना द्वारा 4218215/- की आय अर्जित की गयी। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4086885/- की आय अर्जित की गयी थी, तुलनात्मक रूप से विभाग के द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2025 -26 में 131330/- की अधिक आय अर्जित की है। विभाग के द्वारा संपूर्ण जिले में कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### भाजपा स्थापना दिवस को लेकर जिला कामकाजी बैठक संपन्न




**गुना ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस आयोजन को लेकर स्थानीय जीके गार्डन में जिला कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। जिला कामकाजी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार , नगर पालिका अध्यक्षी सविता गुप्ता , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिसिंह यादव , गजेंद्र सिंह सिकरवार , राधेश्याम पारिख , विट्ठलदास मीना ,स्थापना दिवस आयोजन टोली संयोजक एवं जिला महामंत्री संतोष धाकड़ , सह-संयोजक शिवपाल परमार , गोमती ओझा अतिथि रूप में मंचासीन थे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि हम सब विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं। और हम सभी को ऐतिहासिक रूप से हमारी पार्टी का स्थापना दिवस बड़े धुमधाम से मनाना हैं। प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस से विशेष अभियान चलाया जाएगा । यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक त्यौहार की तरह है।

## झाझौन से गुलाब चौपाल अभियान की शुरुआत, पॉलीहाउस खेती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत भवन झाझौन से 01 अप्रैल को गुलाब चौपाल अभियान की शुरुआत की गई, जिसके तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में किसानों को आधुनिक उद्यानिकी तकनीकों से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उप संचालक उद्यान के.पी.एस. किरार, सरपंच लक्ष्मण सिंह यादव, पोलीहाउस तकनीकी शाखा के जिला प्रभारी मनोज राठौर, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी (विकासखंड आरोन) हरेंद्र रघुवंशी, दीक्षा ग्रीनहाउस के डायरेक्टर श्री प्रदीप परिहार, ग्रीनटेक पॉलीहाउस के डायरेक्टर गोविंद द्विवेदी तथा ड्रिप, मल्चिंग एवं स्प्रिंकलर के डीलर्स बबलू किरार एवं प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।चौपाल में किसानों को पॉलीहाउस निर्माण, गुलाब की उन्नत



खेती, बैंक ऋण प्रक्रिया, विपणन, विभागीय सब्सिडी योजनाएं, ड्रिप एवं मल्चिंग अनुदान तथा सब्जियों की वैज्ञानिक खेती पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक उद्यान के.पी.एस. किरार ने बताया कि पॉलीहाउस में गुलाब की खेती से किसान प्रति एकड़ लगभग 14–15 लाख रुपये तक शुद्ध लाभ अर्जित कर रहे हैं, जो परंपरागत खेती की तुलना में कई गुना अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि चयनित पॉलीहाउसों में सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टिगेशन सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे उत्पादन अधिक वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण होगा। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के प्रगतिशील किसान निर्यात लाइसेंस प्राप्त कर गुलाबों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही ग्राम बिलोनिया में लगभग 70 बीघा क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये की लागत से गुलाब उत्पादन का उत्कृष्ट केंद्र विकसित किया जा रहा है।कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा पॉलीहाउस प्रबंधन, उन्नत किस्मों के चयन एवं बाजार आधारित उत्पादन पर जोर देते हुए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।





मंगला आरती में जुटे हजारों श्रद्धालु मेले में नजर आई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

## हनुमान टेकरी के मेला में दिखा श्रद्धा भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर पर लगने वाला वार्षिक मेला इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ आस्था और उत्साह के वातावरण में आयोजित हो रहा है। दूर-दराज़ से आए हजारों श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।मेले के दौरान सुबह से ही टेकरी पर चढ़ने वाले भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा है। श्रद्धालु नारियल, प्रसाद और ध्वजा चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांग रहे हैं।प्रशासन द्वारा मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना लागू की गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर तैनात है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।मेले में दुकानों और झूलों की भी विशेष रौनक है। बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं।

वहीं स्थानीय व्यापारियों के लिए भी यह मेला रोजगार का अच्छा अवसर साबित हो रहा है। हालांकि, टेकरी मार्ग पर अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण के चलते कुछ स्थानों पर श्रद्धालुओं को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके, श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ है और वे पूरे उत्साह के साथ मेले में शामिल हो रहे हैं। हनुमान टेकरी मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।







### डीआईजी, कलेक्टर ने किया दौरा

इस बार टेकरी मंदिर और मेला परिसर में पहले से ज्यादा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। वरिष्ठ अधिकारियों का भी लगातार भ्रमण जारी है, इसी क्रम में दोपहर डीआईजी अमित सांघी और कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल भी टेकरी सरकार के दरबार में पहुंचे उन्होंने यहां भगवान बजरंगबली के दर्शन किए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### एसपी ने संभाल रखी है कमान

जिले की नवागत पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने सुबह मंगला आरती में शामिल होकर भगवान के दर्शन किए और पूरी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रीमती वासल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए एक विशेष रणनीति तैयार की है जिसकी वह कमान संभाले हुए नजर आईं।

### कर्नलगंज में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था

पिछले वर्ष करनैलगंज इलाके में हनुमान जयंती के अवसर पर निकल रहे जुलूस के दौरान अप्रिय घटना घटित हो गई थी जिससे गुना का नाम पूरे देश में बदनाम हो गया था । तात्कालीन एसपी को भी तबादले के तौर से गुजरना पड़ा था।इस बार पुलिस ने इस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है सूचना तंत्र सक्रिय कर दिया है। वहीं वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार भ्रमण करते हुए दिखाई दिए ।डीआईजी अमित सांघी और एसपी हितिका वासल भी संवेदनशील इलाके का दौरा करने पहुंचे।

### नपाध्यक्ष ने हनुमान टेकरी पर मंगल आरती के दर्शन का लिया लाभ

नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता और एसपी गुना हितिका वसाल ने सुबह 4 बजे सुबह श्री हनुमान टेकरी गुना पर मंगलआरती के दर्शन लाभ लिया। इस पावन अवसर पर पार्षद बबिता साहू और पार्षद अनिता कुशवाह भी उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर गुना के विकास, शांति और समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं कीं। यह कार्यक्रम नगरवासियों के बीच एकता और आस्था का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें सभी ने हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने की प्रार्थना की।



## मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा भूमि संबंधी विवाद का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मोबाईल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।इसी क्रम में ग्राम हिनोतिया तहसील आरोन के आवेदक बब्लू पुत्र कमल सिंह अहिरवार, रघुवीर पुत्र बुधराम अहिरवार, विनोद पुत्र थानसिंह अहिरवार निवासी ग्राम हिनोतिया के जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन अनुविभागीय अधिकारी आरोन के मार्गदर्शन में ग्राम पटवारी द्वारा दल सहित मौके पर जाकर आवेदकगण एवं अनावेदक प्रेमनारायण पुत्र दौलतराम धाकड़ के मध्य मोके पर आपसी सहमति से कृषि कार्य हेतु आवेदक को आवागमन हेतु रास्ता खुलवाया गया। आवेदक एवं अनावेदक एवं मौके पर उपस्थित पंचानों के समक्ष आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य रास्ता निकासी संबंधी विवाद का मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही के माध्यम से सहमति से निराकरण किया गया। मोके पर उभयपक्ष की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया।इस मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही में नायब तहसीलदार आरोन अमित जैन, हल्का पटवारी भगवत सिंह धाकड़, आवेदक एवं अनावेदक व ग्राम पंचांन उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे पर डीईआईसी गुना में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र गुना में वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे के अवसर पर बच्चों के माता-पिता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (बच्चों में मानसिक व व्यावहारिक विकास से जुड़ी अवस्था) के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि समय पर पहचान एवं शीघ्र हस्तक्षेप से बच्चों के विकास में सकारात्मक सुधार संभव है। प्रीति श्रीवास्तव स्पेशल एजुकेटर द्वारा अभिभावकों को ऑटिज्म के प्रमुख लक्षणों जैसे आंखों से संपर्क में कमी, बोलने में देरी, सामाजिक सहभागिता में रुचि न लेना एवं एक ही व्यवहार को बार-बार दोहराने के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि छोटे बच्चों में मोबाइल का अधिक प्रयोग भाषा विकास, ध्यान क्षमता एवं सामाजिक व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग को सीमित रखने तथा उनके साथ संवाद एवं खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी द्वारा साथ ही यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC), गुना में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार से संबंधित स्पीच थैरेपी, बिहेवियरल थैरेपी सहित अन्य आवश्यक सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध हैं। वर्तमान में इस तरह के प्रतिदिन 8 से 10 बच्चे थैरपी से लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया एवं शीघ्र उपचार हेतु प्रेरित किया गया।



### बजरंगगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई,100 हरे भरे पौधे जब्त किए, एक बीघा खेत में बोई गई थी फसल

## खेत में लहलहा रहे थे गांजे के पौधे,1.50 लाख का मादक पदार्थ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने अवैध गांजे की खेती पर बड़ी स्ट्राइक की है। पुलिस ने ग्राम सिरसीखुर्द में दबिश देकर एक खेत से गांजे के 100 हरे भरे पौधे जब्त किए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1.50 लाख रुपये आंकी गई है।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

बजरंगगढ़ थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिरसीखुर्द में जगदीश धाकड़ के खेत पर अवैध रूप से गांजे के पेड़ लगे हुए हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने कैंट थाने के बल के साथ मिलकर खेत की घेराबंदी की। पुलिस को देख आरोपी जगदीश धाकड़ ने भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद जवानों ने धर दबोचा।



### करीब 17 किलो गांजा बरामद किया

तलाशी के दौरान करीब एक बीघा खेत में गांजे के पौधे लगे पाए गए। पुलिस ने साक्ष्यों के समक्ष सभी 100 पौधों को जड़ सहित उखाडक़र तौल कराया, जिसका कुल वजन 17.294 किलोग्राम निकला।

पुलिस ने आरोपी जगदीश धाकड़ (44) को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इस कार्रवाई में बजरंगगढ़ और कैंट थाने के पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही।

### मृगवास थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने इंदौर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिवार से मिलाया

मृगवास थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए बालिका को इंदौर से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 26-27 मार्च 2026 की रात्रि में मृगवास थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के लापता होने पर दिनांक 27 जनवरी 2026 को बालिका के पिता द्वारा मृगवास थाने पर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराधप्रजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई । पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल द्वारा जिले में नाबालिगों से संबंधित मामलों में शीघ्र एवं संवेदनशील कार्यवाही हेतु लगातार दिए जा रहे निर्देशों के तहत पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका की सरगर्मी से तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया साथ ही विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई जिससे संकलित सूचनाओं के आधार पर सभी संभावित जगहों पर बालिका को खोजने के सघन प्रयास किए गए । अपहृता की तलाश के क्रम में गत दिनांक 01 अप्रैल 2026 को बालिका के संबंध में पुलिस को पुख्ता जानकारी मिलने पर मृगवास थाना पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए बालिका को इंदौर जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सांदीपनि विद्यालय चाचौड़ा में मनाया गया प्रवेशोत्सव



चांचौड़ा। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत दिनांक 1 अप्रैल 2026 से 4 अप्रैल 2026 के क्रम में दिनांक 1 अप्रैल 2026 को संस्था में प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन हुआ जिसने विद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक स्टाफ सहित बच्चों एवं अभिभावकों ने सहभागिता की। संस्था के प्राचार्य श्री कृष्ण गोपाल मीना ने मां शारदे को दीप प्रचलन एवं माल्यार्पण कर प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की बहुत ही आकर्षक साज सज्जा की गई ।तथा बच्चों को मंगल तिलक लगाकर उनको पुस्तक वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 का लाइव प्रसारण जो कि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी टी नगर भोपाल से प्रसारित हुआ सभी बच्चों को स्मार्ट एल इ डी पर दिखाया वा सुनाया गया।

### कुशवाह समाज गुना द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण शीतल जल व्यवस्था




गुना। श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह, परिचय सम्मेलन समिति गुना के तत्वावधान में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह कुशवाह साक्षी इलेक्ट्रीकल कैंट गुना के सौजन्य से श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री हनुमंता मंदिर के सामने पानी की टंकी के नीचे पठार महोल्ला में प्रसाद वितरण किया गया था रहा है एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई है । कुशवाह समाज के समाज सेवियों द्वारा वितरण किया जा रहा है ।इस अवसर पर सर्वश्री प्रीतमसिंह कुशवाह साक्षी,नन्दराम कुशवाह ठेकेदार, रणवीर सिंह कुशवाह, हेमंत सिंह कुशवाह, बलवंत सिंह कुशवाह बैंक,रुप सिंह कुशवाह, राकेश कुशवाह पवन कालोनी,अनिल कुशवाह,हरिओम कुशवाह फोजी,प्रताप कुशवाह, गनपत सिंह कुशवाह,हरिराम कुशवाह ऊमरी वाले, डाल चंदन कुशवाह पठार महोल्ला गुना आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस की लव-कुश मंडल की बैठक संपन्न

गुना । 31 मार्च को म.प्र.कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश अनुसार पूर्व मंत्री जिला कांग्रेस कमेटी गुना अध्यक्ष जयवर्धन सिंह जी विधायक राघोगढ़ के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 1गुना के लव - कुश मंडलम 3 के अन्तर्गत वार्ड 7,8 एवं 12 बैठक की बैठक शिव गीता मांगलिक भवन पुरानी छावनी गुना में संपन्न हुई। बैठक में तीनों वार्डो की वार्ड समिति का गठन, कांग्रेस संगठन मजबूर बनाने, कांग्रेस शासन की उपलब्धियां,भाजपा शासन में खाद्य सामग्री सहित तरफ महंगाई,एलपीजी गैस,डीजल,किसानों, गरीबों की समस्यों,कांग्रेस शासन की उपलब्धियों पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्ति किये । मंचासीन अतिथियों एवं विचार व्यक्ति करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, शहर गुना के अध्यक्ष रजनीश शर्मा, ब्लॉक प्रभारी आविद भाई, रमेश सेंडो पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष, बृजलाल जाटव ठेकेदार ने विचार रखे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर चाचौड़ा में भव्य धार्मिक आयोजन, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

धार्मिक नगरी चंपावती चाचौड़ा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विभिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण के बीच मंगल आरती, रामचरितमानस पाठ एवं हनुमान जल महोत्सव का शुभारंभ हुआ।चंपावती चाचौड़ा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर इन आयोजनों में सहभागिता की। अधिकांश मंदिरों में रात्रि के समय भव्य जागरण एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया,



जिससे पूरा वातावरण श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा।मुख्य बाजार स्थित श्री भक्त हनुमान मंदिर के पुजारी श्री मुकेश कुमार संत जी के अनुसार, सदर बाजार में सुंदरकांड पाठ का आयोजन सायं 6:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक श्रद्धा और भक्ति के साथ चलता रहा। रात्रि 10:00 बजे भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा श्री राजेन्द्र जी सन्त एवं श्री रामानुज जी संत द्वारा अधिकांश मंदिरों पर श्रंगार किया गया। भक्ति में वातावरण देखने को मिली। पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर नजर आया और आयोजन ने धार्मिक एकता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़

चाचौड़ा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्रमुख मंदिरों—हनुमान मंदिर आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, किले वाले हनुमान मंदिर, बाग वाले हनुमान मंदिर, मठ वाला मंदिर एवं सदर बाजार स्थित हनुमान मंदिर—में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। किले वाले हनुमान मंदिर की विशेष मान्यता है, जहां स्थापित पश्चिममुखी हनुमान जी की मूर्ति को चमत्कारी माना जाता है। मंदिर के पुजारी गोपीलाल जी के अनुसार यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।सदर बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की मूर्ति लगभग 400 वर्ष से अधिक पुरानी बताई जाती है। पुजारी मुकेश संत ने बताया कि यह मंदिर किले के समय का है, जिसकी सनद भी उपलब्ध है। चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र में कुल मिलाकर 40 से अधिक हनुमान मंदिर स्थित हैं, जहां हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आयोजन किए गए।इस दौरान विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, पारायण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की।वहीं ग्राम भेसुआ में प्राचीन हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना का आयोजन किया गया। लगभग 250 वर्ष पुराने इस मंदिर में नवकुंडीय यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।मंदिर जीर्णोद्धार में में राजू मीना एवं कौशलेंद्र भेसुआ परिवार योगदान रहा।





### चंपावती नगर परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

चाचौड़ा।धार्मिक नगरी चंपावती चाचौड़ा में प्रत्येक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली नगर परिक्रमा में इस बार भी आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ इस पवित्र आयोजन में भाग लिया। आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्तजन यहां पहुंचे।यह भव्य परिक्रमा गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर भक्तमाल मंदिर, बड़े गणेश जी, अंबाला, बागेश्वर धाम, छान सरकार हनुमान मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, राजबाग मंदिर और भाटी दरबार मंदिर से होते हुए पुनः गायत्री मंदिर पर आकर पूर्ण होती है। इस दौरान श्रद्धालु पूरे चंपावती नगर की परिक्रमा करते हैं।परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है और नगर श्रद्धा व आस्था में सराबोर नजर आता है।धार्मिक मान्यता के अनुसार, जिस प्रकार गिरिराज जी की परिक्रमा का विशेष महत्व है, उसी प्रकार चंपावती नगर परिक्रमा का भी अपना विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। यही कारण है कि प्रत्येक पूर्णिमा पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।यह आयोजन न केवल आस्था और भक्ति का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का भी सशक्त संदेश देता है।



# आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करते हुए रोजगार मेलों के माध्यम से युवकों के बढ़ते कदम



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना के तहत जिला प्रशासन की पहल पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला गुना के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित एवं अर्द्धशिक्षित ग्रामीण बेरोजगार युवकों को आर्थिक रूप से सशक्त, उनकी आजीविका सुदृण करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सीधे रोजगार एवं स्व रोजगार प्रशिक्षण एवं नियोजन के अवसर प्रदाय करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विकासखण्डों में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं। जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमति सोनू सुशीला यादव द्वारा बताया गया कि इसी क्रम में दिनांक 16 मार्च 2026 से निरंतर आजीविका मिशन के सहयोग एवं समन्वय से समस्त विकासखण्ड के आजीविका मिशन कार्यालय में एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी सिंगरौली के द्वारा निरंतर सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर के चयन हेतु केरियर काउंसलिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं।

जिसमें कंपनी प्रतिनिधि द्वारा मौके पर ही साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार युवकों का सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु प्रारंभिक चयन किया। कंपनी भर्ती अधिकारी हरेन्द्र अहीर द्वारा बताया गया कि अभी तक आयोजित कैम्प के दौरान 97 बेरोजगार युवकों का पंजीयन किया गया था जिसमें से पात्रता अनुसार 33 युवकों का सिक्योरिटी गार्ड के पद हेतु प्रारंभिक चयन मौके पर ही किया गया। चयनित युवकों को एक माह के सफल प्रशिक्षण उपरांत विभिन्न सेवा क्षेत्र की निजी कंपनियां में योग्यतानुसार अनुमानित 14000 से 20000 रू. मासिक वेतन पर शत प्रतिशत नियोजित किया जावेगा।

कंपनी प्रतिनिधि हरेन्द्र अहीर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गुना जिले के चयनित विभिन्न प्रशिक्षणार्थी एसआईएस सिक्योरिटी प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिन्हें प्रशिक्षण उपरांत अपने कार्यस्थल पर रवाना किया जावेगा एवं पूर्व कार्यक्रम अनुसार वर्तमान में रोजगार कैंप निरंतर जारी है।

# हनुमान जन्मोत्सव मनाया, चल समारोह में विजय हनुमान अखाड़ा रहा आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में हनुमान प्रकट उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दास हनुमान मंदिर, विजय हनुमान मंदिर, सनकादिक आश्रम, ठेंट के बालाजी, सियाराम हनुमान मंदिर, सदर बाजार हनुमान मंदिर, सुरई वाले हनुमान मंदिर सहित नगर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए।सभी मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा, फूल-मालाओं एवं गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिरों में भगवान हनुमान को छप्पन भोग अर्पित किए गए तथा दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। सुबह



से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों में दर्शन के लिए लगी रहीं।हर वर्ष की परंपरा के अनुसार विजय हनुमान मंदिर से भव्य चल समारोह भी निकाला गया। चल समारोह में युवाओं द्वारा अखाड़े के माध्यम से अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। चल समारोह में रथ पर भगवान हनुमान की छायाचित्र युक्त तस्वीर विराजमान थी, जिसकी मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना एवं आरती की गई।ग्रामीण क्षेत्रों से भी हनुमान मंदिरों में हनुमान प्रकट उत्सव मनाए जाने के समाचार प्राप्त हुए। पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

### नवनियुक्त अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल का फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत

आरोन। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परिहार द्वारा गुना जिला अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल को बनाए जाने पर अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रशंसा व्यक्त कि एवं भाजपा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है । नवनियुक्त अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल को भाजपा नेता गोलू अहिरवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने. फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर.



बधाइयां शुभकामनाएं दी बधाई देने वालों में भाजपा नेता गोलू अहिरवार ,कमल अहिरवार . धरम वीर अहिरवार, विनोद अहिरवार, हरिओम अहिरवार,. छतर सिंह अहिरवार,. सुमित अहिरवार, देवेंद्र अहिरवार,. संजीव अहिरवार नीरज अहिरवार,. एवं महिला मोर्चा की जिला मंत्री श्रीमती अनीता जैन ने भी. पुष्प भेंट कर. शुभकामनाएं दी।

# जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्वामी की बगिया निवासी महेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पंकज और अंशुल माली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाल्मीक मोहल्ला निवासी महेश कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भगवानदास और वीरेन्द्दास कौरी ने उससे मारपीट की और उसकी बाईक तोड़ दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अमरदास कौरी निवासी बाल्मीक मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि महेश और पुरूषोत्तम कौरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुल्लाखेडी निवासी अनिल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्दरसिंह ,सुखपाल और भानुप्रताप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुखपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बबलू यादव, राजन यादव और अनिल यादव ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा नावनी निवासी प्रीतम पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णपाल और केपनी बुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी शिशुपाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगराम यादव, वीरन यादव, इन्द्रसेन यादव और नाती कान्हा ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से वीरेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### वाहन दुर्घटना की आशंका बढ़ी, गड्ढों ने भी मुसीबत बढ़ाई

# मोला नदी के पुल पर 45 डिग्री का मोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे की मोला नदी के पुल पर 45 डिग्री का मोड़ है। इस मोड़ पर कोई सांकेतिक चिन्ह भी नहीं लगा और जहां से वाहन सड़क से पुल की ओर मुड़ते हैं, वहां पर रैलिंग भी नदारद है। ऐसे में जब वाहन बहादुरपुर से मुंगावली की ओर जाते हैं तो पुल पर पहुंचते ही उनके दुर्घटनाग्रस्त होने की आषंका बढ़ जाती है।

मुंगावली निवासी षिक्षक तिलक सिंह दांगी ने बताया कि बीते दिनों जब वह रात के समय मुंगावली की ओर जा रहे थे तो उनका वाहन इस मोड़ पर पलटते-पलटते बचा। पुल की इस हालत पर पुराना बाजार निवासी विक्की साहू ने बताया कि कुछ महीनों पहले एक लोडिंग वाहन मोड़ पर अनियंत्रित होकर



रैलिंग से जा टकराया था। जिससे वाहन तो नदी में गिरने से बच गया लेकिन रैलिंग टूट गई।

**पीडब्ल्यूडी ने बनाया, अब एनएचएआई के पासः** बंगला चैराहा से मुंगावली के बीच बहादुरपुर पर मोला नदी बहती है। इस नदी पर अंग्रेजों के जमाने का एक पुल था, करीब 25 वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग ने एक नया पुल बनाया। जिससे यहां एक मोड़ बन गया। बाद में यह पुल सड़क के साथ एमपीआरडीसी के पास चला गया। अब यह मार्ग नेषनल हाईवे घोषित हो चुका है। इसलिए सड़क सहित पुल का जिम्मा एनएचएआई के पास है। एनएचएआई के कुछ अधिकारी बीतें दिनों निर्माणाधीन सड़क पर मार्ग का निरीक्षण करने भी आए थे लेकिन उनकी नजर इस गंभीर स्थिति पर नहीं गई।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक, कलेक्टर ने की समीक्षा

अशोकनगर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में 04 अप्रैल को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया दिशा बैठक हेतु एजेण्डा अनुसार सम्पूर्ण जानकारी संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पिछली दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भेजा जाए। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री के भ्रमण के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि



मिनिट टू मिनट कार्यक्रम के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाए। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, स्वीकृत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा योजनाओं से हितग्राहियों को प्राप्त लाभ का विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार कर उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महाप्रभु से भी हम सुख की कामना करते हैं यही हमारी यात्रा पूरी हो जाती हैः मुनिश्री





हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

देवताओं के द्वारा जिनके लिए दिव्य सिंहासन स्थापित किया गया है जिसके लिए विशेष रत्नों के द्वारा धर्म सभा का निर्माण किया गया था। ऐसे महाप्रभु से भी हम अपने सुख की कामना करते है हर पवित्र स्थल पर पहुंच कर भी हमारी खोज सुख पर जाकर पुरी हो जाती है। किसी भी महा पुरुष को नमस्कार करना वंदन करना उनके चरणों में बैठना बहुत आसान होता है उनके चरणों में बैठकर मेरी आधी व्याधी संकट दूर हो मुझे सुख मिले मेरे विचारो की अभिलाषा की पूर्ति हो। उक्त आश्य के उद्गार सुभाषगंज में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री अविचल सागर महाराज ने व्यक्त किए।

### आप अपने मन का निर्माण करें जिसमें क्षमा दया को प्रमुखता दी जाए

उन्होंने कहा कि विश्व में लाखों लोग नियम धर्म पूजा पाठ स्त्रोत सब एक जैसे ही करते हैं धर्मकरने का तरीका लगभग एक सा होता है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है इसमें आपको मन लग जाता है फिर भी सब को अलग अलग फल की प्राप्ति होती है ऐसा क्यों होता है आपने कभी विचार किया उपदेश भी कहते है कि आपका मन लगना चाहिए इससे कोई बहुत बड़ी उपलब्धि होने वाली नहीं है ये बहुत छोटी सी साधना है इसकी कोई उपलब्धि नहीं है ये मन का भ्रम है माया जाल है सामाने वाला इससे वस उलझ रहता है इससे मुझे एक प्रतिशत भी वैनी फिट मिलने वाला नहीं है इसलिए मैं मन लगाने की कोशिश नहीं करता है मैं जाप करता हूं स्तुति करने ध्यान करना प्रभु कि इच्छा है कि आप अपने मन का निर्माण करे एक ऐसा मन हमें निर्माण करना जिसे दया करना क्षमा करना आना चाहिए हमारा मन संयमित हो हमें एक ऐसे मन निमार्ण करना है जो यह कहे कि यह सब कुछ मेरा नहीं है क्षमा वान मन वनने के लिए अलग से बैठना पड़ता है अपने भाग्य को वनने के लिए अपने मन में स्वप्न देखना चाहिए।

### कलेक्टर ने किया स्कूल का किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को विकासखण्ड अशोकनगर के ग्राम कोलुआ के शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोलुआ का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव 2026 अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया। साथ ही छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के किचिन शेड का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि जनक स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाया जाकर बच्चों को मीनू अनुसार भोजन कराया जाता है। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी तथा शाला में पर्याप्त साफ सफाई रखे जाने तथा पुताई कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय मींस कम मेरिट उत्तीर्ण छात्रा पलक कुशवाहा को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.सिसौदिया,डीपीसी राहुल शर्मा, प्रधानाध्यापक सीमा पुष्पद आदि रहे मौजूद।

# किसानों की 10 मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार योगेंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन देकर बताया कि मध्यप्रदेश के किसान वर्तमान में आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं और उन्हें तत्काल राहत की आवश्यकता है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी राजिद अहमद ने बताया कि मंडियों में लागू जटिल प्रक्रियाओं के कारण फसल बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बायोमेट्रिक सत्यापन, वाहनों का पंजीकरण और ऑनलाइन अपलोड जैसी व्यवस्थाएं किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं, जिससे समय और पैसे दोनों का नुकसान हो रहा है। किसानों ने इन प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग की।किसानों ने गेहूं उपार्जन की तिथि में बार-बार बदलाव को भी गंभीर समस्या बताया। उनका कहना है कि कटाई के बाद फसल को लंबे समय



तक सुरक्षित रखना मुश्किल हो जाता है, जिससे नुकसान की आशंका बनी रहती है। इसी तरह ऋण वसूली और बिजली बिल की अंतिम तिथि मार्च में तय होने और उपार्जन अप्रैल में होने के कारण किसानों को बिना भुगतान के ही कर्ज चुकाने का दबाव झेलना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को भुगतान के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। आलू के गिरते दामों को लेकर भी किसानों ने चिंता जताई और कहा कि उन्हें लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने आलू के लिए समर्थन मूल्य तय करने और राहत पैकेज घोषित करने की मांग की। खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था को भी किसानों ने अव्यवस्थित बताया। उनका कहना है कि तकनीकी समस्याओं के कारण उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही, जबकि कुछ जगहों पर कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। ज्ञापन में यूरिया की गुणवत्ता और मात्रा को लेकर भी सवाल उठाए गए।

किसानों का आरोप है कि यूरिया के कट्टों का वजन कम कर दिया गया है और नाइट्रोजन की मात्रा भी घटाई गई है, जिससे उनकी लागत बढ़ गई है। वहीं डीबीटी व्यवस्था को भी छोटे और सीमांत किसानों के लिए बोझिल बताया गया, क्योंकि उन्हें पहले अधिक राशि जमा करनी पड़ती है। किसानों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में कृषि क्षेत्र को शामिल न करने की मांग करते हुए कहा कि इससे स्थानीय किसानों को नुकसान हो सकता है। साथ ही किसान आंदोलनों से जुड़े मामलों को वापस लेने और नरवाई प्रबंधन को लेकर किसानों को सुविधाएं और मुआवजा देने की मांग भी रखी गई।संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि ये सभी मांगें किसानों के जीवन और आजीविका से सीधे जुड़ी हुई हैं, इसलिए सरकार को जल्द ठोस निर्णय लेना चाहिए। ज्ञापन सौंपते समय संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने किसानों कि समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं। इस दौरान जसपाल सिंह, अजय रघुवंशी, सतेंद्र सिंह धाकड़, सतेंद्र लोधी, बंटी रघुवंशी, नीलेश रघुवंशी, रोशन सिंह धाकड़ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती: निकली विशेष प्रभात फेरी

**शाढौरा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भक्तिमय माहौल के बीच स्थानीय बस स्टैंड हनुमान मंदिर से मुख्य मार्गो से भव्य रुप में प्रभात फेरी निकाली गईं। प्रभात फेरी में बग्गी में हनुमान जी के चित्र को विराजमान कर विद्युत झालर से आकर्षक सजाकर प्रभात फेरी निकली गई। प्रभात फेरी में भक्तों ने भजनों और जयकारों के साथ भगवान हनुमान की आराधना की। हनुमान जयंती की अवसर पर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। आस्था एवं विश्वास के केंद्र हनुमान मंदिरों पर कई जगहों पर श्रद्धालु हनुमान चालीसा ब सुंदरकांड पाठ करते हुए और भगवान हनुमानजी के जयकारे लगाते हुए नाचते- गाते नज़र आए। चैती पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर आस्था एवं विश्वास का केन्द्र हनुमान टेकरी धाम पर सुबह से ही माथा टेकने के लिए तांता लगा रहा जो शाम तक चलता रहा अंन्नकूट एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा, जिसने पूरे माहौल को राम-हनुमान मय बना दिया।

### दो बाईक आपस में टकराईं, केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत करीला तिराहे के पास अथाईखेड़ा रोड़ पर दो बाईक आपस में टकरा गईं जिसे लेकर एक बाईक चालक रवि कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक आयोजन



**मुंगावली।** श्री राम भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों द्वारा बड़े ही मनमोहन तरीके से भगवान श्री हनुमान जी की वेशभूषा रख सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं उनके जीवन के आधार पर नाटक प्रस्तुत किया गया। समय समय पर विद्यालय में सामाजिक ,सांस्कृतिक खेलकूद एवं अन्य प्रकार के आयोजन होते रहते हैं जिससे बच्चों के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो सके। वहीं बच्चों ने श्री हनुमान जी की वेशभूषा रखी और उनके जीवन के आधार पर उनकी प्रभु भक्ति श्री राम के प्रति सभी बच्चों के सामने प्रदर्शित की गई। वहीं इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन स्कूल सीईओ पुनीत जैन प्राचार्य डॉ धमप्रिया कार्यक्रम संयोजक भूमि जैन एवं रिमझिम ग्वाल सहित स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### मारपीट करने वाले आरोपी को 1 वर्ष की कठोर कारावास

**अशोकनगर।** प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला अशोकनगर द्वारा 1 मार्च 2026 को निर्णय पारित करते हुये मारपीट करने वाले आरोपीगण रणधीर पुत्र लल्लीराम रघुवंशी एवं मुनेश पुत्र रणधीर रघुवंशी निवासीगण ग्राम सावन थाना कचनार जिला अशोकनगर को 01-01 वर्ष के कठोर कारावास एवं कुल 3000-3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन जिला अशोकनगर संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन सहा. जिला अभियोजन अधिकारी विश्वजीत चक्रवर्ती द्वारा किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय यशपाल सिंह यादव ने बताया कि अभियोजन कहानी के अनुसार 14 जनवरी 2023 को फरियादी अर्जुन सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम सावन ने उसके लडके नीरज के साथ घायल अवस्था में जिला अशोकनगर में देहाती नालसी लेख कराई कि, सुबह 10 बजे वह गांव के मंदिर से पूजा कर वापिस उसके घर आ रहा था तभी रास्ते में उसे उसका छोटा भाई रणधीर एवं भतीजा मुनेश मिले, उसने उनसे कहा कि उन्होनें उसकी लाइट की डोरी क्यों तोड़ दी तो दोनों बोले कि वह तो तोड़ेगें और उसे गंदी-गंदी गालियां दी।

## मंदिरों में भक्तों की भीड़, तार वाले बालाजी मंदिर पर अपार जनसमूह

# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर...!

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





संकट मोचन भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव के मौके पर अशोकनगर शहर के मंदिर हनुमान जी की जय जयकार से गूंज उठे। घंटो श्रृदालुओ ने हनुमान जी के दरबार मे आराधना की। प्रभू की भक्ति मे लीन होते लोगों को देखा गया। तार वाले बालाजी मंदिर पर भक्तों का समूह अपार जनसैलाब के साथ देखा गया।

शहर के हनुमान मंदिर सुबह से ही भीड से भरे नजर आए। सुबह की भोर में ही लोगों को अपने घरो से साफ सथुरे वस्त्रों में पूजा अर्चना की थाली सजाकर मंदिरों की ओर जाते हुए देखा गया। हनुमान जी महाराज सारे ईष्टो में ऐसे ईष्ट है जिनका नाम जपने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। इसलिए उन्हे संकट मोचन कहा गया है। यही कारण है कि हनुमान जी के भक्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। शहर के लगभग दो दर्जन हनुमान मंदिरो पर भक्तो का कारवां देखा गया। शहर के तार वाले बालाजी मंदिर पर श्रृदालु बालाजी सरकार की जय जयकार करते नजर आए। यहा श्रृदालुओ को भगवान के दर्शन करने के लिए इंतजार करना पडा। मंदिर के बाहर महिला और पुरूषों की भारी भीड के कारण सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मंदिर के बाहर अनगिनत प्रसाद की दुकाने लगी देखी गई। मंदिर परिसर मे हजारो गरीब परिवारो के लोग कतार बनाकर बैठे थे। यहा प्रसाद चढाने के बाद मंदिर से आने वाले श्रृदालु उपस्थित जनो को प्रसाद प्रदान करते हुए देखे गए।

शहर में हनुमान मंदिरो की संख्या दो दर्जन से अधिक है। सभी मंदिरो पर श्रृदालु परिवार सहित पहुचें। प्रसाद अर्पण किया। इस दौरान श्रृदालुओ ने हनुमान चालीसा सुंदरकांण्ड के साथ हनुमान जी की आरती की और अनेक श्रृदालुओ को हनुमान जी के दरबार मे उनके कष्ट हरने की प्रार्थना करते हुए देखा गया। शहर के इन मंदिरो मे तार वाले बालाजी सरकार के साथ सराफा बाजार हनुमान मंदिर,मनसापूर्ण हनुमान मंदिर, पुण्डरीकाक्ष मंदिर,पछाडी खेडा वाले हनुमान जी,चिंता हरण मंदिर,संकट मोचन मंदिर, डिग्री कॉलेज वाले हनुमान जी,शिव टोरिया के हनुमान जी,आसमानी माता मंदिर पर विराजित हनुमान जी, ब्रम्हगौड हनुमान मंदिर,सुराना चैराहा स्थित हनुमान मंदिर,बासांखेडी वाले हनुमान जी के साथ सभी मंदिरो पर सुबह से देर रात तक भक्त दर्शनो के लिए पहुचते रहे। मंदिरो पर आर्कषक साज सज्जा की गई थी। रात की अवधि मे यह मंदिर बिजली की रोशनी से जगमग होते नजर आए।



### शहर में चल समारोह के साथ विमानों का कारवां निकला



हनुमान जयंती का पर्व यहा मनाए जाने वाले सारे पर्वो में सबसे बडा पर्व है। यहा हनुमान जी के भक्तो की संख्या भी बहुत अधिक है। यही कारण है कि हनुमान जंयती के मौके पर शहर मे चल समारोह निकाला गया। कई मंदिरो के विमान इस चल समारोह मे निकाले गए। जगह जगह भगवान की आरती की गई। गाजे बाजो के साथ निकले इस चल समारोह मे भजन भी होते देखे गए। शहर में यह चल समारोह तार वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुआ जो गांधी पार्क,सदर बाजार,स्टेशन रोड आदि मार्गो से निकला।

### पहलवानों ने निकले अखाड़ों में प्रदर्शन किए

चल समारोह मे हनुमान जी के भक्तों ने अखाडे भी निकाले। जिनमें चिंताहरण व्यायाम शाला, बाल हनुमान व्यायाम शाला पटेल पार्क और वीर बजरंग व्यायाम शाला की ओर से यह अखाड़े निकाले गए। इन अखाडो मे पहलवानों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। किसी ने लाठी घुमाई, किसी ने मुगदर घुमाया, तो कोई लाठियो से करतब दिखाते हुए नजर आया। इस अखाडे ने शहर के कई चैराहो पर प्रदर्शन किए। इसी तरह ज्ञानी राजपूत के द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी बाल हनुमान अखाडे का चल समारोह का आयोजन किया गया। तार वाले बालाजी मंदिर के दरबार मे युवतिया भी करतब दिखाते हुए देखी गई। शहर के चैराहो पर हनुमान जयंती के इस पर्व के साथ अखाडो के इस आयोजन को देखने के लिए लोगो की भीड घेरा बनाकर यह करतब देखती रही। शहर के सबसे प्राचीन हनुमान मंदिर पछाडीखेडा वाले बालाजी मंदिर है यह श्रृदालुओ का आस्था का केदं है। यहा पर पुजारी कमलेश शर्मा ने बताया कि बालाजी के भक्तो द्वारा सवा क्विंटल का चूरमा मेवा मिष्ठान का राम लडडू बनाकर बालाजी को उसका भोग लगाया गया। वही भक्तो ने दर्शन करने आने वाले श्रृदालुओ को बाल भोग तैयार उनको वितरित किया गया। मंदिर पर रामनवमी के समय बालाजी के मंदिर के सामने राम दरबार का मंदिर है। बालाजी के साथ राम दरबार के दर्शन और शिव परिवार और गौड बाबा के दर्शन भी होंगे।

## पुलिस के साये में कचरा वाहन निकालने की कवायद

# सफाई कर्मियों की हड़ताल ने की हनुमान जयंती की रौनक फीकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में पिछले 10-11 दिनों से नगर पालिका के सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इस हड़ताल का सबसे बुरा असर हनुमान जयंती के पर्व पर देखने को मिल रहा है। शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों ने त्योहार के उत्साह को कम कर दिया है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

बिगड़ती व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। आज नगर पालिका कार्यालय पर उस समय गहमागहमी बढ़ गई जब हड़ताली कर्मियों ने कचरा वाहनों को बाहर निकालने से रोका। स्थिति को बिगड़ते देख पुलिस लाइन से अतिरिक्त जवान और महिला पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। मौके पर वज्र वाहन की तैनाती की गई है ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रहे।

हड़ताल के चलते नगर पालिका प्रशासन पहले ही सख्त कदम उठा चुका है। दो दिन पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने 17 स्थाई सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया था। सफाई कर्मियों का पक्षरू उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। नगर पालिका का पक्षरू ब्ड० प्रदीप शर्मा का तर्क है कि हड़ताली कर्मी हड़ताल की अवधि का भी वेतन मांग रहे हैं और उनकी अन्य मांगें अनुचित हैं।

शहर की सफाई व्यवस्था बहाल करने के लिए पिपरई नगर परिषद से सफाई कर्मी बुलाए गए थे, लेकिन वे भी काम छोड़कर वापिस लौट गए। बाहरी कर्मियों का आरोप है कि उन्हें अज्ञात लोगों द्वारा धमकी दी गई है, हालांकि पुलिस प्रशासन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। हनुमान जयंती के जुलूस मार्ग और शहर की सफाई सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के आला अधिकारी मोर्चा संभाले हुए हैं। मौके पर एसडीएम मनीष धनगर,एसडीओपी महेश शर्मा, थाना प्रभारी प्रशांत यादव, तहसीलदार दिलीप दरोगा और सीएमओ प्रदीप शर्मा सहित भारी पुलिस बल मौजूद है।

### गुमशुदा नाबालिग बालिका बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस द्वारा 16 वर्षीय गुमशुदा बालिका सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 12 मार्च को फरियादी तेजू पुत्र नन्नूलाल रावत, निवासी भौरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 169/26, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के आधार पर संभावित स्थानों पर तलाश की गई। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02.04.2026 को अहमयपुर, जिला विदिशा से उक्त नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बाल अपचारी को किशोर न्यायालय, अशोकनगर में प्रस्तुत किया गया।



## जिला विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश अनुसार एवं सचिव मनीष अनुरागी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा साक्षरता शिविर लगाकर उपस्थित लोगों को उपकरण प्रदान किये गये।उपकरण सिविल सर्जन भूपेंद्र शेखावत और ईएनटी सर्जन टैगोर की उपस्थिति में वितरित किए गए। शिविर के दौरान हितग्राहियों को उनके टूटे हुए उपकरण के बदले में नवीन उपकरण मोके पर प्रदान किए गए। शेष उपकरणों को भविष्य में अस्पताल में आने वाले हितग्राहियों को देने हेतु स्टोर कीपर को निर्देशित किया।

# अस्पताल में विधायक को मौके पर सिर्फ 1 डॉक्टर मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोककुमार

### विधायक ने कहा-राम ही जाने कैसे चलता है अस्पताल, क्या ऐसा ही रहता है प्रबंधन का हाल?





विधायक इंजी. हरीबाबू राय गुरूवार को स्थानीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए नजर आए। इस दौरान ओपीडी में उन्हें सिर्फ 1 डॉक्टर मिला, जबकि जिला अस्पताल में डॉक्टरों के 17 पद हैं, 4 मौजूद होना चाहिए था, लेकिन एक ही डॉक्टर मौजूद मिला। अस्पताल में मरीज विधायक से शिकायत करते हुए नजर आए।

इस दौरान विधायक को मरीजों ने डॉक्टर न होने की शिकायत की थी इस शिकायत के बाद विधायक तत्काल अस्पताल पहुंचे और देखा तो वहां डॉक्टर डयूटी पर मौजूद नहीं थे एक मात्र केएल राहुल मरीजों का उपचार करते नजर आए। जिसे लेकर विधायक ने गहरी नाराजगी जताई, उन्होंने मौके पर ही सिविल सर्जन डॉक्टर भूपेन्द्र शेखावत को बुलाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अस्पताल में 17 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं जिनमें 13 पद खाली हैं 4 डॉक्टर ही पदस्थ हैं उसमें भी एक ही डॉक्टर मरीजों का उपचार करते नजर आए। जबकि इस समय बीमारियों का दौर चल रहा है उल्टी, दस्त और बुखार के रोगी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों का न होना आश्चर्यजनक है। मरीजों पर क्या बीत रही होगी यह तो मरीज ही जानते हैं, इस अस्पताल में स्थानीय रोगी तो पहुंचते ही है साथ में जिले भर से भी रोगी उपचार कराने आते हैं।

विधायक ने बताया कि सुबह से ही उनके फोन पर एवं उनके कार्यालय सहायकों के फोन पर लगातार रोगियों के फोन अस्पताल से पहुंच रहे थे। रोगियों का कहना था कि अस्पताल में डॉक्टर कक्ष में बैठे नहीं है वह सुबह से डॉक्टर के कक्ष के बाहर बैठे हुए हैं इस दौरान जैसे ही विधायक को रोगी और रोगी के परिवार जनों ने देखा तो शिकायतों का दौर चालू हो गया। विधायक में एक-एक रोगी की शिकायत सुनी, शिकायत सुनने के बाद और व्यवस्थाएं देखने के बाद विधायक ने सिविल सर्जन भूपेंद्र शेखावत को फोन लगाया और उन्हें मौके पर बुलाया। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि यहां अस्पताल में 17 स्पेशलिस्ट डॉक्टर की जरूरत है हमारे पास 4 डॉक्टर है जिन्हें राउंड भी करना पड़ता है ऑपरेशन भी करना पड़ता है और ओपीडी में बैठना पड़ता है डॉक्टर ने बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ छुट्टी पर चल रहे हैं इसलिए वह अपनी कक्ष में नहीं बैठे। इस दौरान आईएमओ बीएल टैगोर भी मौके पर आ गए उन्होंने कहा कि रोगी भी अपनी पसंद के डॉक्टर को दिखाना चाहते हैं जबकि डॉक्टर कक्ष में बैठे हुए हैं उनके पास जाकर हमें दिखाना चाहिए। विधायक हरीबाबू राय सुबह सर्जिकल वार्ड और महिला बार्ड में पहुंचे, जहां रोगियों को पलंग पर चादर भी नहीं दिखाई दिए।

## पिछले दो दिनों से नहीं देशी-विदेशी मदिरा का विक्रय, 18 दुकानों पर विभाग शराब विक्रय को तैयार

# आबकारी की 14 दुकानें होल्ड व 4 दुकान टेंडर स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







अशोकनगर जिले की 33 देशी-विदेशी मदिरा की कम्पोजिट दुकानों में से 18 दुकानों पर पिछले दो दिनों से शराब का विक्रय नहीं हो रहा है, मात्र 15 दुकानों पर ही शराब की विक्री हो पा रही है। टेंडर प्रक्रिया को लेकर 14 दुकानें होल्ड पर हैं और 4 दुकानों के ऑफर स्वीकृति का इंतजार आबकारी विभाग को है। यदि कोई निर्णय नहीं होता है तो जिले की 18 दुकानों पर आवकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शराब का विक्रय करना होगा।

अशोकनगर जिले में नई आबकारी नीति के बाद 20 प्रतिशत वृद्धि निर्धारित कर टेंडर प्रिक्रिया मांगी गई थी, जिसमें से 9 समूह में से 5 समूह की दुकानों के ठेके ई टेंडर से हुए थे और 30.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह दुकानें गईं थी। अशोकनगर जिले में 33 दुकानों से 2024-25 में शासन को 144 करोड़ 73 लाख 62 हजार 467 रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वर्ष 2025-26 में 20 प्रतिशत वृद्धि के बाद शासन को 173 करोड़ 68 लाख 34 हजार 974 रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। इस बार नई आबकारी नीति के तहत 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ ठेके जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत निर्धारित मूल्य 208 करोड 42 लाख 1 हजार 982 रूपए की आय होना माना गया था। लेकिन जिले में नई आबकारी नीति को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं और अब तक जिले में सभी 33 दुकानों की ई टेंडर प्रक्रिया पूरी होना थी लेकिन अभी 15 दुकानों की प्रक्रिया पूरी हुई है। 18 दुकानों का मामला लंबित है, जिनमें 14 दुकानें जो 3 समूह की हैं, जिनमें अशोकनगर-1, ईसागढ और शाढ़ौरा की दुकानें हैं, जिन्हे होल्ड पर रखा गया है।

आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि जिन 14 दुकानों को होल्ड पर रखा गया है उसमें कलेक्टर द्वारा निष्पादन प्रक्रिया का पालन ठीक से नहीं होना बताया गया है। जिसके कारण इन दुकानों को होल्ड पर रखा गया है, और 2 अप्रैल तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि चन्देरी 1, मुंगावली 1, प्राणपुर और राजघाट की दुकानों के लिए 20 प्रतिशत के ऑफर मिल रहे हैं, अगर 30 प्रतिशत के नए नियम के अनुसार ऑफर आते हैं तो उन्हें स्वीकार किया जाएगा। 20 प्रतिशत के स्थान पर 30 प्रतिशत में यह दुकानें निष्पादित होगीं।

### 18 दुकानें पिछले दो दिनों से बंद, लेकिन फिर भी बिक रही है

18 दुकानों के प्रारंभ न हो पाने की स्थिति में शासकीय स्तर पर इन दुकानों के संचालन की तैयारी की जा रही है। पिछले दो दिनों से 18 दुकानें बंद पड़ी हैं, न कोई अधिकृत ठेकेदार है न विभाग ने इस दिशा में कोई कदम उठाया है, जिसके कारण अन्य क्षेत्र में संचालित हो रही दुकानों का माल पिछले दरवाजे से इन दुकानें के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अवैध रूप से देशी-विदेशी मदिरा का विक्रय हो रहा है। जो राशि शासन के खजाने में जाना चाहिए थीं। वह राशि अब अन्य लोगों के जेबों में जा रही है, पिछले दो दिनों में लाखों की शराब का विक्रय हो चुका है और आने वाले कई दिनों तक यह प्रक्रिया चलने की संभावना है।

### 3 ग्रुप की दुकानों द्वारा असहमति व्यक्त करने पर राशि राजसात की गई

उप निरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि 3 ग्रुप की दुकानों को शासकीय निष्पादन के समय जो राशि दी जाती है, उनके द्वारा ई टेंडर भरे जाने के बाद संचालन में असहमति बताई गई है। जिसके कारण 14 दुकानों के लिए उनके द्वारा जो राशि जमा कराई गई थी वह 6 करोड 87 लाख 66 हजार 112 राजसात कर ली गई है। जिले में अब जो 15 दुकानें संचालित हो रही हैं उनमें पिपरई समूह की 4, बंगलाचैराहे समूह की 5 दुकानें, बहादुपुर समूह की 3 दुकानें, चंदेरी गोराकलां की दुकाने और मुंगावली 2 की एक दुकान शामिल है। अभी तक इन दुकानों के लिए 74 करोड़ 93 लाख 86 हजार 188 रूपए के टेंडर मंजूर किए गए हैं। यहां दुकानों का संचालन प्रारंभ हो गया है।

### अगर निर्णय नहीं हुआ तो विभाग करेगा शराब का विक्रय

उप निरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि यदि कोई निर्णय इन दुकानों को लेकर नहीं होता है जिले में जिन जिन स्थानों पर आबकारी विभाग का अमला तैनात है, वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वयं दुकानों का संचालन किया जाएगा, लेकिन विभाग के पास न तो दुकानों के लिए जगह है न अमला है न संसाधन है। ऐसे में कैसे होगा शराब का विक्रय यह आबकारी विभाग के लिए मुसीबत का करण बन गया है।

### संपूर्ण जिले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, चल-समारोह, भंडारों के साथ मनाया गया पर्व

# हनुमान जन्मोत्सवः दिलेर खालसा अखाड़े ने रामभक्तों की रग-रग में भरा जोश





## मुख्यालय पर निकले एतिहासिक अखाड़े में कलाकरों ने दी हैरतअंगेज प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अंजनीपुत्र भगवान हनुमान का जन्मोत्सव संपूर्ण जिले में धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन, अनुष्ठानों के साथ उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर न केवल राजगढ़ मुख्यालय बल्कि जिले के सभी शहरों, कस्बों, गांवों में विशेष अनुष्ठानों के साथ पवनपुत्र की शोभायात्राओं के आयोजनों के साथ अविरल सुंदरकाण्ड, भंडारे इत्यादि के आयोजन रखे गए। राजगढ़ मुख्यालय पर पवनपुत्र के जन्मोत्सव को पंजाब से आमंत्रित किए गए दिलेर खालसा ग्रुप के विशेष अखाड़े ने एतिहासिक बना दिया। स्थानीय मनकामनेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त शाम करीब 4 बजे आरंभ हुआ अखाड़ा कलाकारों की हैरतअंगेज प्रस्तुतियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ देर रात्रि काशीपुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचा जहां महाआरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। अखाड़े के साथ-साथ भगवान हनुमान की विशेष मिट्टी से बनवाई गई प्रतिमा सभी के आकर्षण केंद्र रही और उसके आगे चल रहे अखाड़े के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बच्चों, बड़ों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान समूचा क्षेत्र भगवान राम के जयकारों से गुंजायमान होता नजर आया।

### नगर में भी निकला एतिहासिक चल-समारोह

**नरसिंहगढ़।** मुख्यालय सहित नरसिंहगढ़ नगर में भी भगवान एतिहासिक चल-समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में ध्वज-पताकाओं, ढोल-नगाड़ों और डीजे पर बजते भजनों के साथ भक्तिमय माहौल बना रहा। युवाओं ने रामभक्त के गीतों की धुन पर जमकर नृत्य करते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। विधायक मोहन शर्मा, समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर के श्री मारूतिनंदन मंदिर में दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के पश्चात शाम को महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्थानीय गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर देर रात तक भक्तिमय समां बांधे रखा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। वहीं संध्या ट्रेवल्स द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई।

### निकला भव्य चल समारोह जयकारों से गूंजा शहर

**खुजनेर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर खुजनेर सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल रहा विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड खुजनेर के तत्वावधान में शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए चल समारोह की शुरुआत 4 बजे झिरीवाले मंदिर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुई डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकले जुलूस में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला बजरंग अखाड़े के कलाकारों ने लट्ठबाजी सहित पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित किया शोभायात्रा खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराना थाना, हाट बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः खेड़ापति मंदिर परिसर पहुंचा जहां रात्रि 8 बजे सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई चल समारोह को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।



### श्रद्धा और उत्साह का दिखा अद्भुत संगम

*सारंगपुर। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चल समारोह व्यायाम शाला हनुमान मंदिर शाखा से आरंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भगवा पताकाएं लहराते कार्यकर्ता और श्री हनुमान जी की आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा अखाड़ों के पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी का मन मोह लिया।*

### पुलिस जांच में जुटी

# नौ दिन से लापता युवक का नहीं लग रहा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



क्षेत्र के ग्राम ग्राम तरेनी धाकड़ निवासी बंटी अहिरवार के लापता होने के नौ दिन बाद भी उसका फिलहाल तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं पुलिस भी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार बंटी अहिरवार 25 मार्च से अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद कुरावर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद से ही पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। लापता युवक के पिता घीसालाल ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से कमजोर है। इस कारण उन्हें उसकी ज्यादा चिंता सता रही है कि कहीं वो कोई गलत कदम न उठा बैठे। परिजनों ने प्रशासन और आमजन से अपील की है कि यदि किसी को बंटी के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या परिजनों को सूचित करें।

## कन्या उमावि एवं माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से मना प्रवेशोत्सव



**जीरापुर।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रवेशोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में बच्चों को पुस्तकें एवं सायकिल वितरित की गईं। इस अवसर पर विधायक दांगी ने कहा कि शासन की योजनाओं से विधार्थी लाभान्वित हो रहे हैं , जिससे परीक्षा परिणाम भी अच्छा आ रहा है प्रत्येक छात्राओं को कड़ी मेहनत से अध्यापन कार्य करें और अच्छे अंक प्राप्त करें। कार्यक्रम में प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य विधार्थियों का नामांकन 100 प्रतिशत हो। जिन विद्यार्थियों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी उन्हें पुनः मुख्य धारा से जोडना है। जहां पर नरसिंह पवांर , योगेश गुप्ता सहित विधालय स्टाफ मौजूद रहा। संचालन कविता गुप्ता ने किया।

# गर्मियों में आगजनी से निपटने जिले में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात

### जनपद स्तरों पर कन्ट्रोल रूम में किए स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ग्रीष्म ऋतु में पराली जलाने से होने वाली अत्यधिक गरमी होने एवं अन्य कारणों से होने वाली आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला पंचायत ने कदम उठाए हैं। जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने संपूर्ण राजगढ़ जिले में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात करवाए हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगे एवं आगजनी की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचेंगे।

जनपद स्तरों पर इसके लिए कन्ट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। जिले में जिन 57 टैंकरों को तैनात करवाया गया है उनमें जनपद पंचायत राजगढ़ में 10, जनपद पंचायत ब्यावरा में 09, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 17, जनपद पंचायत सांरगपुर में 06, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 08, जनपद पंचायत जीरापुर में 07 टैंकर शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सेक्टर स्तर पर फायर ब्रिगेड (फायर फाइटर) के रूप में उपयोग हेतु तैयार किया गया है। राजगढ़ जिले में कहीं पर भी आगजनी की घटना होने की जानकारी की सूचना जनपद पंचायत स्तरीय कन्ट्रोल रूम में दी जा सकती है। इस हेतु प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है। जिसमें आगजनी की जानकारी दी जा सकती है। आकस्मिक स्थिति में 24 घण्टे तैयार रहने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है। जिसकी जानकारी पुलिस थानों में भी साझा की गई है।



# बोर्ड के परिणामों में कृष्णा कान्वेंट ने फहराया परचम

**ब्यावरा-सुठालिया।** स्थानीय कृष्णा कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। परीक्षा परिणामों में चाहत धनगर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मुस्कान सोंधिया 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। अन्य मेधावी छात्रों में इमरान शाह, प्रतीक धनगर, सुमित सौंधिया, हिमानी राजपूत, ललित गुर्जर, भानू भिलाला, जीवन सोंधिया, शनि मालवीय सहित अन्य शामिल हैं।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया श्रेय

स्कूल के इस शानदार प्रदर्शन पर संचालक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्राचार्य राधेश्याम सोंधिया, सह-प्राचार्य मनीषा कुशवाह एवं प्रभारी राधेश्याम भिलाला के कुशल मार्गदर्शन को दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं की सफलता में अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं में बानी सेन, पूजा गोस्वामी, स्नेहा विश्वकर्मा, पूर्ति विश्वकर्मा, रेणुका गोस्वामी, मोना वर्मा, मोना राठौर और चंद्रशेखर विश्वकर्मा के विशेष योगदान की सराहना की गई। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पुरस्कृत कर बधाई दी।

### सीजीडी जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई संपन्न

# प्राकृतिक गैस नेटवर्क के विस्तार हेतु जिलाधीश ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टारेट सभागर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में आगामी तीन माह के भीतर पाइपलाइन आधारित प्राकृतिक गैस अथवा सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने थिंक गैस कपंनी के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर डिमांड के अनुरूप कनेक्शन देने में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिले में स्थापित गैस पाइपलाइन की अद्यतन जानकारी जीआईस मैप के माध्यम से संकलित कर पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएं जिससे बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। कलेक्टर ने नवीन प्राप्त गैस कनेक्शन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रतिदिन सीजीडी लॉगिन आईडी के माध्यम से प्रगति की समीक्षा के निर्देश दिए। सभी शासकीय संस्थानों जैसे अस्पताल, रेस्ट हाउस, छात्रावास, जेल, उपजेल व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पाइपलाइन गैस कनेक्शन को बढ़ावा देने की बात भी उन्होंने कही।

### 1 हजार उपभोक्ता उपयोग में नहीं ला रहे कनेक्शन

*बैठक में यह भी जानकारी दी ई कि राजगढ़ एवं ब्यावरा में 300 उपभोक्ताओं द्वारा कनेक्शन उपयोग उपरांत बंद कर दिया गया है एवं 1 हजार कनेक्शन उपयोग नहीं किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी गैस उपभोक्ताओं की वार्डवार सूची तैयार कर संबंधित नगर परिषदों को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, परिषदों के सीएमओ, थिंक गैस के प्रतिनिधि, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार उपस्थित थे।*

# जिलेभर में एक साथ 720 ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

31 मार्च की रात पुलिस ने जिलेभर में मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में जिलेभर के 720 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई। इस विशेष अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 340 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी स्वयं फील्ड में मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व करते रहे। कार्रवाई के दौरान कुल 292 वारंटों का निष्पादन किया गया। इनमें 28 स्थायी वारंट, 93 गिरफ्तारी वारंट तथा 171 जमानती वारंट शामिल हैं। एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में वारंट तामील होना पुलिस की सक्रियता को दर्शाता है।

### होटल ढाबों सहित 30 डेरों पर की गई चेकिंग

अभियान के तहत 8 जिलाबदर व्यक्तियों की जांच की गई, 116 हिस्ट्रीशीटरों को रडार पर रखा गया तथा 199 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। इसके अलावा 75 होटल-ढाबों और 30 डेरों की चेकिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।

वहीं अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 15 प्रकरण दर्ज किए गए, 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 66 .42 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### बड़े पुल स्थित खेड़ापति मंदिर में भंडारा भी हुआ आयोजित

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिणय सूत्र में बंधी चार कन्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हनुमान जयंती के अवसर पर नेवज नदी के बड़े पुल स्थित खेडापति हनुमान मंदिर में चार कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न करवाया गया। आयोजन के लिए समिति के युवा बीते अनेकों दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। गुरुवार प्रातः से ही विवाह की रस्में आरंभ करते हुए भगवान के भंडारे की प्रसादी का निर्माण आरंभ करवा दिया गया।

दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान के सम्मुख कन्याओं ने सात फेरे लेकर नवजीवन का आरंभ किया। इसके उपरान्त आयोजन में सम्मिलित हुए सभी अतिथियों, समूचे किशनगढ़



वासियों एवं नगर के लोगों के लिए भगवान के भंडारे का आयोजन आरंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। क्षेत्र के सभी युवा रात्रि तक प्रसादी की परोसगारी में लगे रहे। मंदिर समिति ने सभी आयोजन में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया है।

# वियत्री महादेवी वर्मा के स्मरण में काव्यपाठ का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत साहित्य अकादमी द्वारा संचालित मुक्तिबोध सृजन पीठ के तत्वावधान में गत दिवस प्रसिद्ध कवियत्री महादेवी वर्मा स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार वल्लभ किशोर शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में निर्देशक ऋषि कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में डॉ. भावना शर्मा चैबे सहित कई साहित्यकार मंचासीन रहे जिन्होंने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। उद्बोधन में वक्ताओं ने महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात काव्य पाठ का दौर शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। सारंगपुर के सुशील व्यास 'सारंग' ने "पीले चावल घर-घर आए, आया बुलावा राम का" प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश शर्मा 'सत्यम' ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मोहन सिंह परमार ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### खेल, संवाद व गतिविधियों के जरिए किए जा रहे प्रयास

# बदलाव की पहल के साथ बच्चों, युवाओं में जागरुकता के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अहिंसा के पीस वॉलिंटियर्स द्वारा युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांवों में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) की प्रभावी पहल की जा रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से युवा अपने ही गांव को गहराई से समझने, उसकी समस्याओं, संसाधनों और संभावनाओं को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार को ग्राम टांडीकला में पीस वॉलिंटियर राधेश्याम विश्वकर्मा द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रही विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) कराया, जिसमें युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने गांव की स्थिति को समझने का प्रयास किया। पीस वॉलिंटियर्स का यह प्रयास लगातार जारी है,



जिसमें युवा और किशोर बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह पहल न केवल युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार बना रही है, बल्कि गांवों में सकारात्मक और स्थायी बदलाव की दिशा भी तय कर रही है। पीस वॉलिंटियर्स द्वारा गांव-गांव में युवाओं को जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान युवाओं को संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने और उन्हें अपने व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने का यत्न

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि युवा स्वयं संविधान के मूल्यों को समझें, उन्हें अपने जीवन में अपनाएं और अपने समुदाय में भी उसका सकारात्मक प्रभाव फैलाएं। इस प्रयास के माध्यम से गांवों में सम्मान, समानता और भाईचारे का वातावरण मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही बाल सगाई, बाल विवाह, नशा, भेदभाव और अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। पीस वॉलिंटियर्स युवाओं और किशोरों के साथ मिलकर संवाद, गतिविधियों और जनजागरूकता के माध्यम से इन मुद्दों पर निरंतर काम कर रहे हैं।